लघुफिल्म सुनो में नजर आएगी अमृता

सुनो नामक एक नई लघुफिल्म में सुमित व्यास के साथ अमृता पुरी भी नजर आएंगे। मानवीय रिश्तों पर बनी इस फिल्म में ये दोनों पति-पत्नी का किरदार निभा रहे हैं। शुभम योगी द्वारा लिखित और निर्देशित सुनो शनिवार को टैरिबली टिनी टॉकीज (टीटीटी) के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है।

योगी ने कहा, टीटीटी फिल्म निर्माताओं को मूल आवाज को बनाए रखने की स्वतंत्रता देता है और रचनात्मक सहयोग में प्रभावी योगदान देता है। उन्होंने कहा, सुनो हमारे समय का एक उत्पाद है। यह फिल्म शरण्या (शरण राजगोपाल, स्टूडियो प्रमुख, टीटीटी) के किए लगातार प्रयासों का भी परिणाम है। हमें उम्मीद है कि इससे वो बातचीत शुरू होगी, जैसी हम चाहते हैं।

राजगोपाल ने कहा, फिल्मों में न केवल समाज को आईना दिखाने की क्षमता होती है, बल्कि यह लोगों को सोचने पर भी मजबूर करता है। हमें उम्मीद है कि यह लघुफिल्म इस बात पर चर्चा शुरू कराएगी कि हमें रिश्तों में कहां लाइन खींचनी चाहिए।

मॉडलिंग के अनुभव ने बाला में यामी की मदद की

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि एक मॉडल के तौर पर उनका निजी अनुभव आगामी फिल्म बाला में उनकी भूमिका की बारीकियों को समझने में काम आया है। यामी फिल्म में मॉडल के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं लखनऊ की एक स्थानीय मॉडल के किरदार में नजर आऊंगी, जो अपने शहर में काफी लोकप्रिय है।

यामी और उनकी आगामी फिल्म के किरदार में एक समानता है और वह है मॉडलिंग।अपने किरदार के बारे में यामी ने कहा, मेरा किरदार बाकी किरदारों से अलग है। ऐसा किरदार मैंने पहले नहीं निभाया। मॉडल के तौर पर मेरे निजी अनुभव ने फिल्म के किरदार की बारीकियों को समझने में काफी मदद की। बदलापुर के बाद फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ यामी की यह दूसरी फिल्म है।फिल्म में यामी के साथ आयुष्मान खुराना भी नजर आएंगे।

अर्थ के हिंदी रीमेक स्वरा को मिला शबाना आजमी का किरदार

क्या आपका साल 1982 में आई महेश भट्ट की क्लासिक फिल्म अर्थ याद है? इस फिल्म में शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, राज किरण और कुलभूषण खरबंदा नजर आए थे। इन सभी कलाकारों के करियर में यह फिल्म एक मील का पत्थर साबित हुई थी। और अब खबर है कि इस फिल्म में शबाना आजमी ने जो किरदार निभाया था, उसे अब स्वरा भास्कर निभाएंगी।

महेश भट्ट ने साल 2017 में ही अनाउंसमेंट कर दी थी कि वह अर्थ का हिंदी रीमेक बनाएंगे। कुछ दिन पहले ऐसी खबरें आई थीं, जिनमें कहा जा रहा था कि ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस फिल्म में शबाना का रोल करेंगी, लेकिन मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार, शबाना आजमी के रोल के लिए अब जैकलीन की जगह स्वरा भास्कर को साइन किया जा रहा है।

एक सूत्र ने बताया, स्वरा ने अर्थ देखी है और यह उन्हें काफी पसंद आई। जब उन्हें यह रोल ऑफर किया गया तो वह तुरंत फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गईं। अब वह जल्द ही इस फिल्म को साइन करेंगी। स्वरा निल बटे सन्नाटा के बाद एक और महिला निर्देशक के साथ काम करने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि अर्थ के हिंदी रीमेक रेवती डायरेक्ट करेंगी। रेवती ने इस फिल्म के तमिल रीमेक में शबाना आजमी वाला किरदार निभाया था। कहा जा रहा है कि स्वरा दिसंबर या फिर जनवरी से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्म में हीरो का किरदार कौन निभाएगा, इसके लिए कास्टिंग पर काम चल रहा है। अर्थ में शबाना आजमी ने एक सिंगल मदर का किरदार निभाया था और इसके लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट ऐक्ट्रेस अवॉर्ड मिला था।

बच्चों के लिये स्कूल खोलेंगी सनी लियोनी

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी बच्चों के लिये स्कूल खोलने जा रही हैं। सनी लियोनी अभिनय, डांस और कॉस्मेटिक्स की दुनिया में कदम रखने के बाद अब जल्द ही एजुकेशन सेक्टर में भी एंट्री लेने जा रही हैं। सनी लियोनी अब जल्द ही बच्चों के लिए स्कूल खोलेंगी। सनी लियोनी को बच्चों से बहुत लगाव है और वह तीन बच्चों की मां भी हैं। वह इस बात को समझती हैं कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए शुरुआती कुछ साल कितने महत्वपूर्ण होते हैं।

सनी ने इस स्कूल पर काम करने में बहुत सा वक्त और मेहनत लगाई है, उन्होंने खुद बैठ कर इसके फीचर्स, इंटीरियर और सुविधाओं पर काम किया है। सनी और उनके पति के लिए यह स्कूल किसी सपने की तरह है। यह स्कूल एक आर्ट स्कूल नहीं बल्कि एक प्लेस्कूल होगा जिसमें बच्चे आर्ट और फ्यूजन कर सकेंगे। सनी लियोनी ने कहा, हमारा विजन रचनात्मकता और सुविधाओं को एक साथ लाना है ताकि बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास हो सके। हम नहीं चाहते कि बच्चे सिर्फ किताबों तक ही सीमित होकर रह जाए। हम चाहते हैं कि वो खुद दुनिया को एक्सप्लोर करें और नई चीजें सीखें। मैं चाहती हूं कि बच्चे मजे करें।